# ठगी के रुपये कराए वापस

**गैंड़ास बुजुर्ग।** साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के 3988 रुपये उसके बैंक खाते में वापस करा दिए गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश सिंह ने बताया कि गत पीड़ित ने 29 जून को सूचना दी कि उसके खाते से 9965 रुपये कट गए हैं। इसके बाद साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद साइबर हेल्पडेस्क ने तकनीकी जांच शुरू की और संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से समन्वय किया। आवश्यक कार्रवाई पूरी कर एसओपी के तहत 3988 रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए गए।(संवाद)